an>

Title: Need to cover the huge coal mine pits abandoned after mining work by Coal India Limited causing environmental pollution as well as becoming a hiding place for criminals in the region.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा)ः खनिज कम्पनियों विशेषकर कोल इंडिया द्वारा जो खनन कार्य किया जाता है, उसमें खनन के बाद उन गड्ढ़ों को नहीं भरा जा रहा है। 50-50 फीट के गहरे गड्ढे हो गए हैं जिनमें बारिश के मौसम में पानी जमा होता है, उस पानी में पशु-पक्षियों के मरने से पानी सड़ता है जो वातावरण को प्रदूषित करता है। प्रदूषित हवा आस-पास रहने वाले नागरिकों को प्रभावित करती है जबकि खनन के बाद उन गड्ढ़ों को भरकर पर्यावरण संरक्षण हेतु उस स्थान पर पेड़-पौधे लगाए जाने का प्रावधान है। इस तरह के ज्यादातर मामले झारखंड राज्य में देखने को मिल रहे हैं। इन गड्ढ़ों में अपराधियों ने अपने छुपने के अड्डे बना रखे हैं। किसी को मारकर गिरा देते हैं या हत्या करके उनमें छुप जाते हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन गड्ढ़ों को भरने का समुचित प्रबंध करवाया जाए तथा जिन जमीन मालिकों से जमीन को लिया गया है, उनको वापस कर दिया जाए।